भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2135

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

असम में एम्स के लिए भूमि आवंटन

†2135. मोहम्मद रकीबुल हुसैन:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मध्य असम क्षेत्र में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के समान एक संस्थान स्थापित करने के लिए असम के नगांव जिले के राहा में पूर्व में भूमि आवंटित की गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या प्रस्तावित एम्स परियोजना को बाद में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गुवाहाटी में स्थापित किया गया था और यदि हां, तो राहा में आवंटित भूमि पर संस्थान को विकसित न करने के क्या कारण हैं; और

(ग) प्रस्तावित परियोजना के लिए राहा में आवंटित भूमि की वर्तमान स्थिति क्या है और क्या केंद्र सरकार का असम के मध्य राज्य की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को देखते हुए वहां कोई प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थान या चिकित्सा अवसंरचना स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, असम के गुवाहाटी स्थित कामरूप जिले के जलाह गाँव में एक एम्स की स्थापना की गई है। नए एम्स की स्थापना के लिए चयनित स्थल में विभिन्न कारकों जैसे निकटस्थ भारग्रस्तता-मुक्त (ऋण और कानूनी विवाद से रहित) भूमि की उपलब्धता, संपर्क सुविधा, रोगियों की सुविधा, अन्य स्वास्थ्य परिचर्या संस्थानों से निकटता, शैक्षिक सुविधाओं और नागरिक सुविधाकेंद्रों तक पहुंच आदि को ध्यान में रखा जाता है।

(ग): जी, नहीं। भारत सरकार को असम के नागांव जिले के राहा में भूमि आवंटित नहीं की गई है।

******